(ख) क्या सरकार ने इस संबंध में सही जानकारी प्राप्त करने के लिये कोई जांच कराई है; और

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है तथा इसके बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

गृह-कार्य मंत्री (श्री यशवन्तराव चव्हान) : (क) से (ग). पाकिस्तानी प्रचार तथा अन्य गतिविधियों का उद्देश्य जम्मू तथा काश्मीर में अशान्ति और तनाव उत्पन्न करना और भारत विरोधी प्रदर्शनों आदि के लिये लोगों को उकसाना रहा है। इन गतिविधियों के बारे में सूचना एकत्रित करने के प्रयत्न लगातार चलते रहते हैं और ऐसी सूचना के आधार पर उपयुक्त कार्यवाही की जाती है, जिसमें मुकदमे चलाना और नजरबन्दी शामिल है।

दिल्ली महानगर परिषद की उपयोगिता

469. **श्री राम गोपाल शालवाले :** क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने दिल्ली महानगर परिषद की उपयोगिता का कोई अनुमान लगाया है ;

(ख) यदि हां, तो उसके क्या परिणाम निकले ;

(ग) क्या दिल्ली के लिये विधान सभा की स्थापना की मांग को और समर्थन मिला है ; और

(घ) यदि हां, तो सरकार की इस सम्बन्ध में क्या प्रतिक्रिया है ।

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य-मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : (क) और (ख). दिल्ली में महानगर परिषद् का निर्माण संघ राज्य क्षेत्र दिल्ली की जनता के प्रतिनिधियों का क्षेत्र के प्रशासन में और अधिक सहयोग की व्यवस्था करने के उद्देश्य से किया गया है। इस संगठन से इस उद्देश्य की पूर्ति हो रही है।

(ग) सरकार के पास ऐसी कोई सूचना नहीं है।

(घ) प्रश्न ही नहीं उठता ।

दिल्ली नगर निगम

470. **श्री राम गोपाल शालवाले :** क्या गृह-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली नगर निगम करों की पूरी राशि वसूल करने में असमर्थ है;

(ख) क्या यह भी सच है कि करों की वसूली न होने से प्रत्येक विभाग को प्रतिवर्ष करोड़ों रुपयों की हानि हो रही है; और

(ग) क्या दिल्ली नगर निगम की आय तथा खर्च की जांच करने के लिए एक उच्च शक्ति प्राप्त आयोग नियुक्त करने का सरकार का विचार है ?

गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य-मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल) : (क) जी हां, श्रीमान।

(ख) जी नहीं, श्रीमान ।

(ग) दिल्ली नगर निगम तथा नई दिल्ली नगर पालिका की वित्तीय स्थिति की जांच करने के लिए श्री मोरारका की अध्यक्षता में एक जांच आयोग पहले ही नियुक्त कर दिया गया है और वस्तुस्थिति की जांच कर रहा है।

दिल्ली के लिए अलग उच्चतर माध्यमिक बोर्ड

471. **श्री राम गोपाल शालवाले :** क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली के नागरिकों ने एक अलग उच्चतर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की स्थापना की मांग की है;

(ख) क्या सरकार का विचार इस बोर्ड का गठन करने का है; और

(ग) यदि हां, तो इसकी कब तक स्थापना होने की संभावना है ?